सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 आषाढ़ 12, गुरुवार, शाके 1947–जुलाई 3, 2025 अंक 14
Vol. 77 Asadha 12, Thursday, Saka 1947–July 3, 2025 No. 14

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, शेखर कुमार शर्मा पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा, उम्र 48 साल, निवासी जस्सुसर गेट के अन्दर शीतला माता जी मंदिर के पास में, तहसील व जिला बीकानेर राजस्थान निम्न लिखित शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि :–

1. मैं शपथपूर्वक बयान करता हुं कि मेरे पुत्र मोहित शर्मा (MOHIT SHARMA) के आधार कार्ड जन्म प्रमाण–पत्र में मेरा (पिता) का सही नाम शेखर कुमार शर्मा (SHEKHAR KUMAR SHARMA) दर्ज है तथा मेरे पुत्र की 10 वीं की अंकतालिका में मेरा (पिता) का नाम शेखर शर्मा (SHEKHAR SHARMA) दर्ज है जो कि गलत दर्ज है जिसको मैं त्यागता हूँ तथा इसके स्थान पर उसी तारीख से मेरा (पिता) का नया व सही नाम शेखर कुमार शर्मा (SHEKHAR KUMAR SHARMA) ग्रहण करता हूं। मेरे पुत्र की 10 वीं की अंकतालिका में दर्ज मेरा (पिता) के पूर्व नाम शेखर शर्मा (SHEKHAR SHARMA) के स्थान पर मेरा सही (पिता) का नाम शेखर कुमार शर्मा (SHEKHAR KUMAR SHARMA) के नाम से ही भविष्य में जाना व पुकारा पहचाना जायें।
2. मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे पुत्र के मेरे (पिता) के नाम के उक्त निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करता हूं कि मैं एतद् पश्चात् सभी समय निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बंधपत्रों प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों व्यवहारों एवं लेन–देनों व सभी दस्तावेजों में तथा सभी अवसरों पर अपने पुत्र के (पिता) के पूर्व नाम शेखर शर्मा (SHEKHAR SHARMA) के स्थान पर मेरा सही (पिता) का नाम शेखर कुमार शर्मा (SHEKHAR KUMAR SHARMA) के नाम के रूप में प्रयुक्त करुंगा। अपने पुत्र के पिता के नाम परिवर्तन की सूचना गजट में प्रकाशित कराने के लिए उक्त शपथ–पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शेखर कुमार शर्मा
हस्ताक्षर शपथकर्ता
शेखर कुमार शर्मा

सत्यापन

मैं शेखर कुमार शर्मा पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा उम्र 48 साल निवासी– जस्सुसर गेट के अन्दर शीतला माता जी मंदिर के पास में, तहसील व जिला बीकानेर राजस्थान तस्दीक करता हूं कि शपथ–पत्र में वर्णित पद संख्या 1 से 2 तक में वर्णित तमाम तथ्य सही व सत्य है इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है और न ही कोई तथ्य गलत है। ईश्वर साक्षी है। ईश्वर मेरी मदद करें।

शेखर कुमार शर्मा
हस्ताक्षर शपथकर्ता
शेखर कुमार शर्मा

SIGNATURE/ATTESTED
KESHAR SINGH BHATI
NOTARY PUBLIC, ZINZINWAL.
7508

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।